# WOMEN CELL

## Activities Report

## 2024 -25

# World Mental Health Day (10.10.2024)

राजकीय महाविद्यालय, सांपला में आज दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में अंग्रेज़ी विभाग और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में "मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेज़ी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अंकिता और डॉ. दीपक लठवाल और महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. आशा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यार्थियों को मानसिक कल्याण की दिशा में प्रेरित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने अपने संबोधन में कहा मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध हमारे जीवन की गुणवत्ता और उत्पादकता से है और आज की तेज़ रफ़्तार जिंदगी में तनाव और मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक हो गया है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिरीक्षण और मानसिक संतुलन के महत्व को समझने में मदद करते हैं।

अंग्रेज़ी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अंकिता ने कहा इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सोचने और लिखने का अवसर प्रदान किया। हमें उम्मीद है कि इससे छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा। डॉ. दीपक लठवाल ने भी अपनी बात रखते हुए कहा मानसिक स्वास्थ्य की चर्चा जितनी अधिक खुले तौर पर की जाएगी, उतना ही बेहतर होगा। इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपने विचारों को साझा करने और मानसिक कल्याण की दिशा में प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल के अनुसार, उत्कृष्ट निबंध लेखकों में निम्नलिखित विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया: प्रथम स्थान: काजल (B.A.1), द्वितीय स्थान: पारस (B.A.1) तृतीय स्थान: पेश (B.A.3).विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


GPS Map Camera
Rohtak,HR,India
Sampla, Rohtak, 124501, HR, India
Lat 28.776034, Long 76.758491
10/10/2024 10:45 GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Rohtak,HR,India
Sampla, Rohtak, 124501, HR, India
Lat 28.771519, Long 76.755053
10/10/2024 10:21 GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

# निबंध प्रतियोगिता में काजल प्रथम

**सांपला, चेतना संवाददाता।** राजकीय महाविद्यालय सांपला के अंग्रेजी विभाग और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। डॉ परम भूषण आर्य ने सभी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ रहने की सलाह देते हुए किसी भी अवस्था में इस मनोरोग से लड़ने में महाविद्यालय प्रशासन के पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। विभागाध्यक्षा डॉ अंकिता ने भी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ दीपक लठवाल ने सभी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ व मनोबल बढ़ाने के टिप्स दिए।

# राजकीय महाविद्यालय सांपला में मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

सांपला, 10 अक्तूबर (प्रवीन) : राजकीय महाविद्यालय सांपला के अंग्रेजी विभाग और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में वीरवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया।



*विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरीत करते प्राचार्य।*

प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने सभी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ रहने की सलाह दी व किसी भी अवस्था में इस मनोरोग से लड़ने में महाविद्यालय प्रशासन का पूरे सहयोग का आशवासन दिया।

विभाग अध्यक्षा डॉ . अंकिता ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत होने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दीपक लठवाल ने सभी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ व मनोबल को बढ़ाऐ रखने के टिप्स दिए।

डॉ. आशा रानी ने सभी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की सलाह दी व किसी भी सूरत मे अवसाद से हार न मानने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

निबंध का विषय था मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । काजल प्रथम वर्ष से प्रथम रही, पारस प्रथम वर्ष के द्वितीय और पेश तृतीय वर्ष के तीसरे स्थान पर रहे।


GPS Map Camera
Ismaila-B, Haryana, India
QQC4+J2Q, Ismaila-B, Haryana 124501, India
Lat 28.771464°
Long 76.754987°
19/10/24 12:33 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Ismaila-B, Haryana, India
QQC4+J2Q, Ismaila-B, Haryana 124501, India
Lat 28.771464°
Long 76.754987°
19/10/24 10:14 AM GMT +05:30







# Extension Lecture by Dr Kavita Khana in the aegis of Women Cell

राजकीय महाविद्यालय सांपला में 15/02/2024 महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में डॉक्टर कविता खन्ना, Director (Admission and Examinations), South Asian University, New Delhi के द्वारा विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें "महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा नए अवसर" और "समाज में साइबर अपराध" विषयों पर चर्चा की गई।। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर परम भूषण आर्य और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने डॉक्टर कविता का महाविद्यालय प्रांगण पहुंचने पर एक पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। प्राचार्य परम भूषण आर्य ने डिजिटल युग में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल साक्षरता, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हो सकती है। अपने व्याख्यान में डॉ. कविता खन्ना ने बताया कि आज के तकनीकी दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। उन्होंने साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही, उन्होंने महिलाओं को साइबर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों और तकनीकी उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और शिक्षकों ने एआई आधारित तकनीकों और साइबर खतरों से संबंधित कई सवाल पूछे, जिनका डॉ. कविता खन्ना ने विस्तार से उत्तर दिया। मंच संचालन का कार्य श्रीमती निधि ने किया। अंत में प्राचार्य महोदय और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने डॉक्टर कविता को एक गमला भेंट करके उनका धन्यवाद किया। अंत में सीनियर प्राध्यापक डॉ. अंकिता ने विशेष अतिथि और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता केवल इंटरनेट चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त माध्यम है, जिससे महिलाएँ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों, संकाय सदस्यों और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस व्याख्यान को शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक बताया।


GPS Map Camera
Check In
Ismaila-b, Haryana, India
Qqc4+j2q, Ismaila-b, Haryana 124501, India
Lat 28.771421° Long 76.75529°
15/02/2025 10:46 AM GMT +05:30
Google



# जीसी सांपला में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन

**पल पल न्यूज: रोहतक, 15 फरवरी ( दर्शन अरोड़ा)।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में डॉक्टर कविता खन्ना की देखरेख में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा नए अवसर और समाज में साइबर अपराध विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर परम भूषण आर्य और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने डॉक्टर कविता का महाविद्यालय प्रांगण पहुंचने पर एक पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। प्राचार्य परम भूषण आर्य ने डिजिटल युग में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल साक्षरता, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हो सकती है। अपने व्याख्यान में डॉ. कविता खन्ना ने बताया कि आज के तकनीकी दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। उन्होंने साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही, उन्होंने महिलाओं को साइबर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों और तकनीकी उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और शिक्षकों ने एआई आधारित तकनीकों और साइबर खतरों से संबंधित कई सवाल पूछे, जिनका डॉ. कविता खन्ना ने विस्तार से उत्तर दिया। मंच संचालन का कार्य श्रीमती निधि ने किया। अंत में प्राचार्य महोदय और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने डॉक्टर कविता को एक गमला भेंट करके उनका धन्यवाद किया। अंत में सीनियर प्राध्यापक डॉ. अंकिता ने विशेष अतिथि और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता केवल इंटरनेट चलाने तक सीमित नहीं है,



बल्कि यह एक सशक्त माध्यम है, जिससे महिलाएँ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों, संकाय सदस्यों और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस व्याख्यान को शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक बताया।

# 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा नए अवसर और समाज में साइबर अपराध' विषय पर चर्चा



*कार्यक्रम के दौरान मुख्यवक्ता को पौधा भेंट करते कालेज के पदाधिकारी।*

रोहतक, 15 फरवरी (मैनपाल): राजकीय महाविद्यालय सांपला में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में डा. कविता खन्ना के द्वारा विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा नए अवसर और समाज में साइबर अपराध' विषयों पर चर्चा की गई।

महाविद्यालय प्राचार्य डा. परम भूषण आर्य और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. आशा ने डा. कविता का महाविद्यालय प्रांगण पहुंचने पर एक पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। प्राचार्य परम भूषण आर्य ने डिजिटल युग में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल साक्षरता, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हो सकती है।

अपने व्याख्यान में डा. कविता खन्ना ने बताया कि आज के तकनीकी दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.ई.) महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। उन्होंने साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही, उन्होंने महिलाओं को साइबर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों और तकनीकी उपायों की जानकारी दी।

## छात्रों ने साइबर खतरों से संबंधित पूछे सवाल

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और शिक्षकों ने ए.आई. आधारित तकनीकों और साइबर खतरों से संबंधित कई सवाल पूछे, जिनका डा. कविता खन्ना ने विस्तार से उत्तर दिया। मंच संचालन का कार्य निधि ने किया। कार्यक्रम के अंत में सीनियर प्राध्यापक डा. अंकिता ने विशेष अतिथि और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों, संकाय सदस्यों और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस व्याख्यान को शिक्षाप्रद व प्रेरणादायक बताया।



# एआइ महिलाओं के लिए नए अवसर प्रदान कर रहा : डा. कविता खन्ना



[illegible]

# 5 days self defence training under Women cell from 17 February to 21 February by trainer Pooja

राजकीय महाविद्यालय सांपला में 21/02/2025 महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पांच दिवसीय शिविर का समापन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. परमभूषण आर्य के द्वारा किया गया । इस पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर में महाविद्यालय की लगभग सभी लड़कियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य जी ने अपने संबोधन में छात्राओं को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर छात्राएं अपनी रक्षा स्वयं कर सकती हैं जो कि उनके भविष्य का एक अहम पहलू होगा । उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन न्यूज़ के प्रथम पृष्ठ पर ही महिलाओं के साथ बदसलूकी संबंधित और अन्य हादसों से संबंधित न्यूज पढ़ने को मिलती है। इसलिए यह शिविर आपके लिए अपनी रक्षा का एक सुरक्षाकवच होगा । महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा ने भी छात्राओं को आत्मरक्षा से संबंधित पहलुओं से अवगत करवाया । अंत में प्राचार्य और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने शिविर संचालक पूजा का धन्यवाद किया और सम्मान स्वरूप एक हैलमेट भेंट किया। इस शिविर में प्रतिभागी सभी छात्राओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान किये गए। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


GPS Map Camera
Check In
Bhaproda, Haryana, India
Pprq+8wx, Bhaproda, Haryana 124501, India
Lat 28.742756° Long 76.739243°
17/02/2025 10:28 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Check In
Ismaila-b, Haryana, India
Qqc2+ccf, Sampla - Beri Rd, Ismaila-b, Haryana 124501, India
Lat 28.770834° Long 76.751868°
19/02/2025 10:38 AM GMT +05:30
Google


P.V. Sindhu
Deepak Punia
GPS Map Camera
Check In
Ismaila-b, Haryana, India
Qqc2+ccf, Sampla - Beri Rd, Ismaila-b, Haryana
124501, India
Lat 28.77078° Long 76.75133°
20/02/2025 10:27 AM GMT +05:30
Google


P.V. Sindhu
Deepak Punia
GPS Map Camera
Check In
Bhaproda, Haryana, India
Ppqm+vw3, Bhaproda, Haryana 124501, India
Lat 28.740108° Long 76.734193°
21/02/2025 10:36 AM GMT +05:30
Google







- **21 February: closing of 5 days self defence training under Women cell from 17 February to 21 February**



*शिविर में मौजूद पदाधिकारी व विद्यार्थी।*

# राजकीय महाविद्यालय सांपला में 5 दिवसीय शिविर संपन्न

रोहतक, 21 फरवरी (मैनपाल): राजकीय महाविद्यालय सांपला में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 5 दिवसीय शिविर का समापन महाविद्यालय प्राचार्य डा. परमभूषण आर्य के द्वारा किया गया।

इस 5 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर में महाविद्यालय की लगभग सभी लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्राओं को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर छात्राएं अपनी रक्षा स्वयं कर सकती हैं जो कि उनके भविष्य का एक अहम पहलू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन न्यूज के प्रथम पृष्ठ पर ही महिलाओं के साथ बदसलूकी संबंधित और अन्य हादसों से संबंधित न्यूज पढ़ने को मिलती है। इसलिए यह शिविर आपके लिए अपनी रक्षा का एक सुरक्षाकवच होगा।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. आशा ने भी छात्राओं को आत्मरक्षा से संबंधित पहलुओं से अवगत करवाया। अंत में प्राचार्य और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने शिविर संचालक पूजा का धन्यवाद किया और सम्मान स्वरूप एक हैलमेट भेंट किया। इस शिविर में प्रतिभागी सभी छात्राओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान किये गए। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# राजकीय कालेज सांपला में आत्मरक्षा शिविर संपन्न



**पल पल न्यूज:रोहतक, 21 फरवरी ( दर्शन अरोड़ा)।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पांच दिवसीय शिविर का समापन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. परमभूषण आर्य के द्वारा किया गया। इस पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर में महाविद्यालय की लगभग सभी लड़कियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्राओं को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर छात्राएं अपनी रक्षा स्वयं कर सकती है जो कि उनके भविष्य का एक अहम पहलू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन न्यूज़ के प्रथम पृष्ठ पर ही महिलाओं के साथ बदसलूकी संबधित और अन्य हादसों से संबंधित न्यूज पढ़ने को मिलती है। इसलिए यह शिविर आपके लिए अपनी रक्षा का एक सुरक्षाकवच होगा। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा ने भी छात्राओं को आत्मरक्षा से संबंधित पहलुओं से अवगत करवाया। अंत में प्राचार्य और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने शिविर संचालक पूजा का धन्यवाद किया और सम्मान स्वरूप एक हैलमेट भेंट किया। इस शिविर में प्रतिभागी सभी छात्राओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान किये गए। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारम्भ



**सांपला, चेतना संवाददाता।** राजकीय महाविद्यालय, सांपला में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ परमभूषण आर्य ने किया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान प्रत्येक छात्रा के लिए अनिवार्य है, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में वह अपनी रक्षा कर सके।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ आशा ने बताया कि ये प्रशिक्षण शिविर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने एवं आत्मविश्वासी बनाने में सहायक होगा। शिविर के पहले दिन प्रशिक्षक पूजा ने आत्मरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया और विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। 21 फरवरी तक चलने वाले इस शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण सभी छात्रों के लिए जरूरी : डा. परमभूषण

रोहतक, 17 जनवरी (पकेस): राजकीय महाविद्यालय सांपला में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सोमवार को पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. परमभूषण आर्य के द्वारा किया गया।

डॉ. परमभूषण आर्य ने बताया कि आत्मरक्षा का ज्ञान प्रत्येक छात्रा के लिए अनिवार्य है जिससे वह किसी भी विषम परिस्थिति में अपनी रक्षा कर सके।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा ने बताया कि यह प्रशिक्षण छात्राओं को आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वासी बनाने में सहायक होगा। इस शिविर में महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आज प्रशिक्षण के पहले दिन में प्रशिक्षक पूजा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया और विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। सभी छात्राओं में बड़े चाव के साथ सभी तकनीक सीखी। यह प्रशिक्षण शिविर 21 फरवरी तक जारी रहेगा जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीक की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



*छात्राओं को आत्मरक्षा ट्रेनिंग देते हुए।*

# पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारम्भ



**ऋषि की आवाज ब्यूरो रोहतक/सांपला।** राजकीय महाविद्यालय, सांपला में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में पांच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ परमभूषण आर्य ने किया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान प्रत्येक छात्रा के लिए अनिवार्य है, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में वह अपनी रक्षा कर सके।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ आशा ने बताया कि ये प्रशिक्षण शिविर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने एवं आत्मविश्वासी बनाने में सहायक होगा। शिविर के पहले दिन प्रशिक्षक पूजा ने आत्मरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया और विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। 21 फरवरी तक चलने वाले इस शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# Matki Decoration and Diya Decoration and making of Wall hanging competitions under Women cell held on 27 February 2025

राजकीय महाविद्यालय सांपला में 27/02/2025 महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मटकी डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुऐ बताया की इस तरह की प्रतियोगिताएं में भाग लेकर छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर आशा ने भी छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मटकी प्रतियोगिता में **M.A.** हिंदी प्रीवियस से अंकिता प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से काजल द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष से करुणा तृतीय स्थान पर रही। दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में **M.A.** ज्योग्राफी प्रीवियस से शशि प्रथम, सुनीता (बीए प्रथम) द्वितीय और शबीना **M.A.** ज्योग्राफी से तृतीय स्थान पर रही। वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता में काजल बीए प्रथम वर्ष से प्रथम, यशिका बीए प्रथम वर्ष से द्वितीय और तनु बीए प्रथम वर्ष से तृतीय स्थान पर रही। अंत में प्राचार्य जी ने विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




GPS Map Camera
Check In
Google
Ismaila-b, Haryana, India
Qqc4+j2q, Ismaila-b, Haryana 124501, India
Lat 28.771511° Long 76.755063°
27/02/2025 10:46 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Check In
Ismaila-b, Haryana, India
Qqc4+j2q, Ismaila-b, Haryana 124501, India
Lat 28.771511° Long 76.755063°
27/02/2025 10:47 AM GMT +05:30
Google


(M&S)
GPS Map Camera
Check In
Ismaila-b, Haryana, India
Qqc4+j2q, Ismaila-b, Haryana 124501, India
Lat 28.771511° Long 76.755063°
27/02/2025 10:46 AM GMT +05:30
Google

न्यूज डायरी

## मटकी प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम



सांपला। राजकीय महाविद्यालय वीरवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मटकी डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने किया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा ने भी छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मटकी प्रतियोगिता में एमए हिंदी प्रथम वर्ष से अंकिता प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से काजल द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष से करुणा तृतीय रही। दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में एमए ज्योग्राफी प्रथम वर्ष से शशि प्रथम, सुनीता (बीए प्रथम) द्वितीय व शबीना एमए ज्योग्राफी से तृतीय रही। संवाद

## सांपला मलाविद्यालय में मटकी प्रतियोगिता में अंकित प्रथम



*प्रतियोगिता के बाद प्राचार्य के साथ प्रतिभागी।*

रोहतक, 27 फरवरी (मैनपाल) : राजकीय महाविद्यालय सांपला में वीरवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मटकी डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ परम भूषण आर्य ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया की इस तरह की प्रतियोगिताएं में भाग लेकर छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा ने भी छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया । मटकी प्रतियोगिता में एम.ए. हिंदी प्रीवियस से अंकिता प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से काजल द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष से करुणा तृतीय स्थान पर रही ।दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता में एम.ए. ज्योग्राफी प्रीवियस से शशि प्रथम, सुनीता (बीए प्रथम) द्वितीय और शबीना एम.ए. ज्योग्राफी से तृतीय स्थान पर रही । वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता में काजल बीए प्रथम वर्ष से प्रथम, यशिका बीए प्रथम वर्ष से द्वितीय और तनु बीए प्रथम वर्ष से तृतीय स्थान पर रही। अंत में प्राचार्य जी ने विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।